हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई 2025

11 बिजली निगम एसडीओ के दफ्तर में सीएम फ्लाइंग का छापा



12 नेशनल हाइवे पर शिवपुरी के सामने बने क्रॉसिंग पर नए बनाए गए...



## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर दबोचा

**फतेहाबाद।** शहर टोहाना पुलिस ने 298 ग्राम गांजा बरामदगी के मामले में मुख्य सप्लायर को काबू किया है। काबू आरोपी की पहचान अशोक कुमार पुत्र दलबीर सिंह के रूप में हुई है। इसी मामले में एक महिला आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस टीम नहर पुल, चंडीगढ़ रोड, टोहाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### शहीदी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री करेंगे शिकरत

**सिरसा।** मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह में शहीद उधम सिंह की जयंती पर आगामी 31 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शहीदी महास मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। डेरे के सेवक सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर में गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज व श्रद्धालुओं ने सीएम निमंत्रण दिया।

### 791 ग्राम अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अफीम तस्करी के आरोप में टोहाना पुलिस ने एक युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरमीत सिंह पुत्र चंद्रभान निवासी वार्ड नं. 18, रविदास मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है।

### गुरूद्वारे में चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अज्ञात चोरों ने एक गुरूद्वारे में घुसकर वहां गुल्लक से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। रतिया पुलिस ने गुरुद्वार बिरन बढ़ी से चोरी के एक मामले में आरोपियों को कुछ ही घंटों में काबू कर लिया। आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह उर्फ अमन पुत्र पहलवान सिंह निवासी अजीत नगर, रतिया तथा अमन कुमार पुत्र लक्ष्मण दास निवासी मढ के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से दो हजार रूपये की बरामदगी हुई है।

### नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेश कुमार ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर व अन्य दस्तावेजो को चेक किया और इमरजेंसी वार्ड सहित ओपीडी व वार्डों के अलावा लैब आदि का भी दौरा किया और पूछताछ की। उन्होंने स्टाफ व मरीजों को फिल्ड में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारियां ली।

### 9 पेटी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने जिला के गांव माधोसिंघाना क्षेत्र से एक शराब तस्कर को 9 पेटी अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है और बड़ी मात्रा में शराब बेचने की फिराक में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर एक व्यक्ति को दबोच लिया।

### बूथ लेवल अधिकारियों का ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू

**रतिया।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में बूथ लेवल अधिकारियों को 5 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम सुरेश कुमार ने बूथ लेवल अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्य समयबद्ध व उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जरूर जोड़ना सुनिश्चित करें। यह प्रशिक्षण चुनाव से जुड़ी जिम्मेदारियों की जानकारी देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

---

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर देशभर में की करोड़ों रुपये की ठगी

# साइबर ठगों के गिरोह का पर्दाफाश दिल्ली से 4 युवकों को किया काबू

168 एटीएम कार्ड, 68 सिम कार्ड, 50 चेकबुक, 46 पासबुक, 15 मोबाइल, 1 लैपटॉप, 13 फर्जी मोहरे और 2 बिल बुक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर देशभर में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है, जिसका उपयोग विभिन्न साइबर ठगी गतिविधियों में किया जा रहा था। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान साहिल पुत्र हरीश कुमार निवासी विशाल एन्क्लेव, टिगौर गार्डन, नई दिल्ली, मानव पुत्र हरीश निवासी विशाल एन्क्लेव, टिगौर गार्डन, नई दिल्ली, बालकिशन पुत्र तोता राम, निवासी चाणक्य प्लेस, जनकपुरी, नई दिल्ली तथा यश कुमार पुत्र श्रीराम निवासी जेजे कॉलोनी, अशोक मार्केट, उत्तम नगर, नई दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 168 एटीएम कार्ड, 68 सिम कार्ड, 50 चेकबुक, 46 पासबुक, 15 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 13 मोहरे और 2 बिल बुक बरामद की हैं। ये सभी सामग्री फर्जी खातों और लेन-देन के संचालन के लिए प्रयोग की जा रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में अब तक सैंकडो लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुके है।



**फतेहाबाद।** पकड़े गए साइबर ठगों बारे जानकारी देते एसपी सिद्धांत जैन।

### क्रिकेट सट्टे की जांच कर रही सीआईए टीम पहुंची रूड़की, एसपी ने कहाः दोषियों पर होगी कार्रवाई

*फतेहाबाद। पिछले दिनों यहां के भट्टा कालोनी अनिल मल की शिकायत पर 9 क्रिकेट सटोरियों के खिलाफ जांच कर रही सीआईए के मामले में एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि मामला प्रक्रिया में है। एसपी ने कहा कि इस मामले में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है और न ही पुलिस कोई दबाव में है। मामले की पूरी जांच के बाद दोषी लोगों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अनिल मल को पुलिस ने सट्टे के आरोप में गिरफ्तार किया था। जेल से जमानत पर आने के बाद अनिल मल ने 9 लोगों के खिलाफ शिकायत देकर करोड़ों रुपये ठगने के आरोप लगाए थे। अनिल का आरोप है कि पुलिस मामले की तह तक जांच करे और उनकी सम्पति की जांच करे तो उसमें साफ पता चलेगा कि उनसे आरोपियों ने डेढ़ करोड़ की राशि डिजीटल ट्रांसफर करवाई। इतना ही नहीं, अनिल मल ने यह शिकायत ईडी को भी भेजी है। एसपी ने इस मामले की जांच अपराध शाखा को सौंप रखी हैं। इसी संदर्भ में आज प्रैस कॉन्फ्रेंस में जब एसपी से कार्रवाई धीमी होने बारे सवाल पूछा गया तो एसपी ने इस बात को अफवाह बताया व स्पष्ट किया कि उन पर किसी तरह का कोई राजनीतिक दबाव नहीं है।*

#### सिर्फ तीन दिन में खाते में 40 लाख हुए ट्रांसफर

विशेष रूप से आरोपी बालकिशन के बैंक खाते की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि सिर्फ तीन दिन में उसके खाते में 40 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर हुई है। यह रकम ठगी की ही प्रतीत हो रही है, जिसकी गहन जांच की जा रही है। अन्य आरोपियों के खातों की भी विस्तृत जांच जारी है ताकि इनके नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके। यह कार्रवाई साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

#### ठगी होने पर 1930 पर करें शिकायत

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात कॉल, वेबसाइट या लिंक से प्राप्त निवेश प्रस्तावों पर बिना जांच-परख के विश्वास न करें। कोई भी वित्तीय जानकारी साझा करने से पहले पूरी सावधानी बरतें। यदि किसी को साइबर ठगी से संबंधित संदेह हो, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या निकटतम साइबर थाना फतेहाबाद में सूचना दें।

#### अध्यापक ने की थी ठगी की शिकायत

यह गिरफ्तारी राजीव कुमार पुत्र तारा चंद, निवासी सुभाष नगर, खेमाखाती रोड, फतेहाबाद से हुई 10 हजार की ऑनलाइन ठगी की जांच के दौरान हुई। शिकायतकर्ता एक अध्यापक हैं, जिन्हें व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क कर एक फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया। झांसे में आकर उन्होंने पेटीएम के माध्यम से दो किस्तों में राशि ट्रांसफर की, लेकिन उन्हें न तो कोई लाभ मिला और न ही उनकी राशि वापस की गई। तकनीकी साक्ष्यों, बैंक लेन-देन विवरण और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ये आरोपी सोशल मीडिया, मोबाइल ऐप्स और वेबसाइट्स के जरिए आमजन को फंसाकर ठगी करते थे। पुलिस द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है। आज इन्हें अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और अपराध के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

---



**फतेहाबाद।** कर्मचारियों को संबोधित करते सर्व कर्मचारी संघ के नेता।

# जिलेभर के कर्मचारी आज रहेंगे हड़ताल पर

- कर्मचारी नेताओं ने विभिन्न विभागों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिलेभर के सभी विभागों के कर्मचारी, अध्यापक, परियोजना कर्मचारी 9 जुलाई को हड़ताल पर रहेंगे। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक फतेहाबाद की टीम ने आज शहर के सभी विभागों में किया दौरा। इस दौरान ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव इंद्र घासी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सचिव बेगराज, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलावाली, सचिव सुरजीत दुसाद, आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन सचिव रामनिवास शर्मा शामिल रहे। इस दौरान टीम ने कर्मचारियों से इस हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि शिक्षा नीति 2020 के प्रभाव से हरियाणा में 183 लड़कियों के मिडिल स्कूल बंद कर दिए गए, 194 प्राथमिक स्कूलों को बंद करने की तैयारी है। 4201 स्कूलों का विलय कर दिया गया है। बीईओ/डीईईओ दफ्तरों को ही खत्म करने की तैयारी है। सीधे क्लस्टर डीईओ से जुड़ेंगे।

#### प्रमुख मांगें

2022 में 30 हजार पद खत्म कर दिए थे, अब 2025 में 20 हजार और खत्म करने की तैयारी है। लो पेड और अधिकतम वर्कलोड के आधार पर गेस्ट टीचर, कौशल टीचर, एनएसक्यूएफ, शिक्षक सहायक, कंप्यूटर टीचर, लैब अटेंडेंट आदि लगभग 25 हजार युवा असुरक्षित-चौथाई वेतन पर काम कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि कौशल विकास के तहत लगे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। जल घरों को पंचायतों के अधीन न किया जाए। बिजली विधेयक बिल रद्द हो। रोडवेज का निजीकरण बन्द किया जाए। कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर बराबर वेतन, भत्ते, सुविधाएँ दी जाएं। जब तक इन्हें पक्का नही किया जाता, तबतक कर्मचारियों की सुरक्षा की गारंटी हो। राज्य का अलग वेतन आयोग बनाया जाए और तत्काल 5000 रुपये मासिक अंतरिम राहत दी जाए।

---

# पुलिस चालान के विरोध में कांग्रेसियों का रोष प्रदर्शन

- बेरिकेट्स लगाकर रोकने का प्रयास, पुलिस और कांग्रेसियों में हुई धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस द्वारा काटे जा रहे चालान के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। एसपी ऑफिस की ओर जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बेरिकेट्स लगाकर रोकने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की औरं भेदभाव पूर्ण काटे जा रहे चालान पर रोष का इजहार किया। प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लेने के लिए कोई नहीं आया, जिस पर कांग्रेसजनों ने ज्ञापन पत्र को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा, नवीन केडिया, वीरभान मेहता आदि ने कहा कि शहर के हर चौक-चौराहे पर पुलिसकर्मी मनमाने तरीके से चालान काट रहे हैं। केवल मासिक टारगेट पूरा करने के चक्कर में जनता को अनावश्यक रूप से रोका-टोका जा रहा है, जिससे आमजन को मानसिक व आर्थिक नुकसान हो रहा है। चालान काटने की इस नीति ने पुलिस और जनता के बीच विश्वास को कमजोर किया है। बेगुनाह लोगों से दुर्व्यवहार कर वसूली जैसी स्थिति पैदा की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि लोगों को राहत दी जाए और बिना वजह चालान काटने की इस प्रक्रिया पर तुरंत विराम लगाया जाए।



**सिरसा।** कांग्रेस एसपी ऑफिस पर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते।

#### ये रहे मौजूद

रोष प्रदर्शन में सुमित बेनीवाल, सुभाष जोधपुरिया, आनंद बियानी, हीरालाल शर्मा, मोहित शर्मा, रतन गेदर, दिलबाग सिकंदरपुर, सुभाष मिढ़ा, ज्ञानी करनैल सिंह, पंकज चौहान, सुशील शर्मा, सतीश खीचड़, बलराम सहारण, आनंद भांभू, कमल कांटीवाल, प्रवीण शर्मा, बृजलाल घोड़ेला, श्यामलाल वर्मा, मोमन सोनी, ओमप्रकाश शर्मा, साहबराम जांगड़ा, लक्ष्मी नारायण, नरेंद्र शर्मा एडवोकेट, शुभम पूनिया, सुरेंद्र, रामकिशन, राजकुमार चंढा, कैलाश कानूनगो, सतीश खीचड़, कृष्णा चेयरमैन, हरविंद्र बेगू, मदनलाल, बलविंद्र सहारण सरपंच व भूषण मेहता इत्यादि मौजूद थे।

# शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

लोक निर्माण विभाग द्वारा फतेहाबाद रोड से लेकर बुढलाड़ा रोड तक सड़क को चौड़ा करने के बाद अब सड़क के डिवाइडर पर सौंदर्यीकरण अभियान के तहत स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजाब बॉर्डर पर ग्राम ब्राह्मणवाला से लेकर राजस्थान बॉर्डर तक करीबन 165 करोड रुपए की लागत से स्टेट हाईवे को चौड़ा करने का टेंडर लगाया गया था जिसके तहत ठेकेदार द्वारा रोड को दोनों साइड पर चौड़ा भी किया गया है। साथ में शहरी क्षेत्र में सीसी रोड का भी निर्माण किया गया है। रोड को चौड़ा करने के दौरान ही विभाग द्वारा डिवाइडर के बीच में सुंदर स्ट्रीट लाइट लगाने का भी प्रावधान किया गया है जिसके तहत अब ठेकेदार द्वारा डिवाइडर के बीच में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी संदीप सचदेवा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिकल विंग द्वारा डिवाइडर के बीच में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है और जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा।

- सौंदर्यीकरण अभियान को लेकर लोक निर्माण विभाग कर रहा निर्माण



**रतिया।** स्ट्रीट लाइट लगाते हुए ठेकेदार के कर्मचारी।

---

# पंचायती जमीन पर कब्जा, महिला पंच सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

ग्राम पंचायत दहमान के वार्ड नंबर 10 की पंच सुदेश देवी को पद से निलंबित कर दिया गया है। उपायुक्त ने यह कार्रवाई पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा पाए जाने के बाद की। इसकी लिखित सूचना बीडीपीओ, सरपंच और ग्राम सचिव को भेजी गई है। शिकायतकर्ता धर्मबीर दहिया ने करीब तीन साल पहले बीडीपीओ को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया था कि सुदेश देवी ने खसरा नंबर 228 के मुरबा नंबर 71 का 13/1/2 और 7 का 1/2 की पंचायती जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह जमीन खाल की थी। जांच बीडीपीओ, डीडीपीओ और तहसीलदार से करवाई गई। जांच में जमीन पर सुदेश देवी का कब्जा सही पाया गया। इसके बाद पंच को कारण बताओ नोटिस भेजा गया। जवाब में सुदेश देवी कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं।

#### पंचायती जमीन पर कर रही थी फसल की बिजाई

धर्मबीर दहिया ने बताया कि पंच करीब दो एकड़ पंचायती जमीन पर फसल की बिजाई कर रही थीं। उन्होंने अपने पद का फायदा उठाया। धर्मबीर ने कहा कि वह तीन साल से इस अवैध कब्जे के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। अब सच्चाई की जीत हुई है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ऋषभ सिंगल ने सस्पेंशन की पुष्टि की है।

### डेरा बाबा श्योराम दास में सत्संग व हवन यज्ञ 9-10 को

**सिरसा।** बाबा जीतराम दास की पुण्यतिथि पर 9-10 जुलाई को डबवाली रोड स्थित डेरा श्योराम दास में वार्षिक भण्डारा व सत्संग आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर डेरे को भव्य तरीके से सजाया गया है।मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास ने बताया कि 9 जुलाई रात्रि सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गोहाना से भजन गायक समुंदर दास अपनी मधुर वाणी से गुणगान कर श्रद्धालुओं को रिझाएंगे। 10 जुलाई प्रातः 8:15 बजे डेरा प्रांगण में हवन यज्ञ किया जाएगा। इसके बाद सवा दस बजे से भंडारा शुरू किया जाएगा। बाबा हरपाल दास ने बताया कि बाबा बिहारी जी के दो शिष्य थे, एक बाबा श्योराम दास और दूसरे बाबा तारा जी। काफी वर्षों से यह आश्रम लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

# सीएमके में 9 को फिजिकल काउंसलिंग, 10 को खुलेगा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए बची हुई सीटों पर प्रवेश के लिए फिजिकल काउंसलिंग आगामी 9 जुलाई को होगी। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने बताया कि जो विद्यार्थी अब तक किसी कारणवश सीएमके में प्रवेश नहीं ले पाए हैं, उनके लिए यह दाखिला पाने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में एडमिशन के लिए एडमिशन कमेटी व हेल्प डेस्क की सुविधा भी प्रदान की गई है। नोडल अधिकारी डॉ. वीरबाला शर्मा ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 10 जुलाई से ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल फिर से सक्रिय किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी नया रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं या पहले से भरे आवेदन पत्र में सुधार कर सकते हैं। यह सुविधा कुछ ही दिनों के लिए उपलब्ध होगी, इसलिए सभी इच्छुक अभ्यर्थी समय रहते प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने बताया कि फिजीकल काउंसलिंग की यह प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित होगी और मौके पर ही सीट आवंटन किया जाएगा। इसलिए सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। मीडिया प्रभारी डॉ. दीपिका शर्मा ने बताया कि कॉलेज में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा निःशुल्क रखी गई है।

---

### तीव्र मोड़ों पर केट-आई लाइट्स तथा रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाए जाएं : एसपी

# उत्कृष्ट कार्य करने पर ट्रेफिक पुलिस कर्मी सम्मानित

- पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन की अध्यक्षता पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर से यातायात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, मौजूदा चुनौतियां और संभावित सुधारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीएसपी ट्रैफिक कुलवंत सिंह, फतेहाबाद यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह, रतिया यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक भीम सिंह, टोहाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार, प्रवाचक उपनिरीक्षक राहुल तथा सेना लिपिक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार सहित अनेक ट्रैफिक कर्मी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से फील्ड में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**फतेहाबाद।** ट्रेफिक पुलिस कर्मचारियों की बैठक में निर्देश देते एसपी सिद्धांत जैन।

#### कर्मियों को किया गया सम्मानित

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले तीन ट्रैफिक कर्मियों होमगार्ड मनोज कुमार, संदीप कुमार और सुबे सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों ने अपने कार्यक्षेत्र में न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर किया, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ किया। उन्हें माह जून के 'बेस्ट यातायात कर्मचारी' के रूप में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

#### बरसात, त्योहार व स्कूलों के खुलने पर विशेष योजना

बैठक में आगामी त्योहारों, स्कूलों के खुलने और बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रैफिक प्रबंधन योजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा संभावित दुर्घटनास्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों में पशुधन के बचाव के लिए 34 टीमें गठित

- गठित टीमों की प्रगति कार्यों की समीक्षा करेंगे उपमंडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

बाढ़ बचाव प्रबंधों के तहत सघन पशुधन विकास परियोजना के तहत जिला में बाढ़ संभावित क्षेत्रों व गांवों में बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने एवं पशुओं को सुरक्षित रखने के मद्देनजर 34 विशेष टीमें गठित की गई हैं और बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। डॉ सुखविंद्र सिंह उप निदेशक, सघन पशुधन विकास परियोजना ने बताया कि गठित टीमों के इंचार्ज पशुपालन विभाग के संबंधित उपमंडल अधिकारी होंगे। उन्होंने बताया कि गठित टीमों की प्रगति कार्यों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी, इसके लिए टीमों की कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया जाएगा। इस संबंध में जिला पशु रोग निदान प्रयोगशाला के वीएस डा. बृजलाल को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया है। पशुपालन विभाग द्वारा बाढ़ से संभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। डॉ सुखविंद्र सिंह उप निदेशक ने बताया कि सभी आवश्यक वैक्सीन व दवाइयां संबंधित पशु चिकित्सक को केंद्रीय भंडार राजकीय पशु चिकित्सालय सिरसा से प्राप्त कर टीमों को उपलब्ध करवाई जाएंगी।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

## लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मिल इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टीः एक नई पहचान :** मिट्टीः एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

## चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

***मुंबई।*** *'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### *ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात*

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

**खबर संक्षेप**

### 600 लोगों को खाना और कपड़े किए वितरित

**सिरसा।** फरीदाबाद ग्राम भूपानी ट्रस्ट ने मंडी डबवाली में आज 150 गरीब परिवारों को नकद धन राशि बांटी। इसके साथ ही ट्रस्ट ने 600 लोगों को खाना और कपड़े भी दिए। ट्रस्ट द्वारा आह्वान किया गया कि जरूरतमंद लोग ट्रस्ट के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

### हेरोइन सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत टोहाना पुलिस ने हेरोइन सहित दो युवकों को काबू किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान अजय कुमार पुत्र बलदेव सिंह निवासी टिब्बा बस्ती, मनियाना तथा दलविंदर उर्फ जिंदी पुत्र अजैब सिंह निवासी महासिंहवाला, पंजाब के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया

### नवोदय स्कूल में 6वीं में दाखिलों के आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खारा खेड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा 6वीं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन बिना फीस के नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर जाकर भर सकते हैं। विद्यालय अध्यक्ष एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि अभ्यर्थी का जन्म एक मई, 2014 से पहले तथा 31 जुलाई, 2016 के बाद का नहीं होना चाहिए। यह शर्त अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सहित सभी वर्गों के अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू रहेगी।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे फायर ब्रिगेड कर्मी

**सिरसा।** 9 जुलाई की प्रस्तवित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में फायर ब्रिगेड के सभी कर्मचारी बढ़चढक़र भाग लेंगे। फायर ब्रिगेड यूनियन के जिला प्रधान राजेश खिचड़ व रणवीर फगोडिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस संबंधी सभी ब्लॉक के प्रधानों रानियां से गुरमेल प्रधान, ऐलनाबाद से सुरेंद्र खिचड़, कालांवली से बलदेव प्रधान व डबवाली से पवन बिश्नोई के साथ मिलकर मीटिंग कर हड़ताल में शामिल होने संबंधी रणनीति बनाई जा चुकी है। राजेश खिचड़ व रणवीर फगोडिया ने बताया कि फायर के कर्मचारियों की हड़ताल में भागीदारी को लेकर महानिदेशक अग्निशमन को संघ ने पत्र भी लिख रखा है। इस बार की हड़ताल ऐतिहासिक होगी।

### श्री बाबा बालकनाथ मंदिर में गुरू पूजा कल

**सिरसा।** सिद्ध श्री बाबा बालकनाथ मंदिर में श्री गुरु पूजा व व्यास पूजा का आयोजन आगामी 10 जुलाई को किया जाएगा। कार्यक्रम देवा स्नान के साथ प्रातः 4 बजे से आरंभ होगा, कन्या पूजन 6.30 बजे होगा। इसके उपरांत लंगर प्रसाद वितरण किया जाएगा और झंडे की रस्म होगी। गुरु पूजा एंव सत्संग कार्यक्रम रात 9.15 बजे से प्रारंभ होगा। मंदिर की ओर से आह्वान किया गया है कि सभी श्रद्धालु इस अवसर पर पहुंच कर आर्शीवाद ग्रहण करें।

## बिजली के अवैध कनेक्शनों का मामला, 7 घंटे की रिकॉर्ड की जांच

# बिजली निगम एसडीओ के दफ्तर में सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप, कार्रवाई के बाद कार्यालय में मच हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद/ भूना


भूना। बिजली निगम कार्यालय में जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम अधिकारी।


भूना। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम हिसार रोड पर पेट्रोल पंप पर जांच करते हुए।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने मंगलवार को बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में छापा मारा। टीम में सब इंस्पेक्टर सुनैना और सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार शामिल थे। दोनों अधिकारियों ने करीब 7 घंटे तक रिकॉर्ड की गहराई से जांच की। टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया। कार्रवाई के बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया। बिजली निगम के अधिकारी और कर्मचारी एक-दूसरे से पूछताछ करते नजर आए। किसी के पास सटीक जानकारी नहीं थी। शिकायत हिसार रोड स्थित नानक जी किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप से जुड़ी थी। आरोप था कि वहां बिजली का अवैध कनेक्शन अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है। जांच में वहां बिजली का कनेक्शन चालू नहीं मिला। पंप पर सोलर सिस्टम और जनरेटर की सुविधा मिली।

दूसरी शिकायत नाढोड़ी रोड पर लायंस क्लब के पूर्व प्रधान संजीव कक्कड़ के निवास से जुड़ी थी। आरोप था कि वहां 10 किलोवाट से अधिक बिजली खपत हो रही है। जांच में रिकॉर्ड के अनुसार लोड की क्षमता सही पाई गई। टीम ने रिकॉर्ड और मौके की स्थिति का मिलान कर गोपनीय रिपोर्ट तैयार की। तीसरी शिकायत टोहाना रोड की अवैध कॉलोनी से जुड़ा है कॉलोनीवासियों ने बिजली निगम के उच्च अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार और एसडीओ विजय कुमार को जांच में शामिल किया। सब इंस्पेक्टर सुनैना और राजेश कुमार ने बताया कि सभी शिकायतों की जांच की गई है।

**शिकायत के आधार पर की कार्रवाई**

बता दे भूना के ही किसी व्यक्ति ने अवैध कॉलोनी में बने एक पेट्रोल पंप सहित चार जगह पर नियमों के विरुद्ध बिजली कनेक्शन देने की शिकायत की थी। जिसकी जांच के लिए मंगलवार को टीम पहुंची। बताया गया है कि बिजली विभाग ने पेट्रोल पंप का बिजली कनेक्शन पहले ही काट रखा था, जबकि दो बिजली कनेक्शन नियमों के अनुरूप पाए गए। जबकि एक बिजली कनेक्शन का रिकॉर्ड सी एम फ्लाइंग टीम ने आगामी जांच के लिए मांगा है। टीम इंचार्ज सुनैना ने बताया कि सारे मामले की जांच अभी शुरू की है। कागजात जांचने के बाद ही जानकारी सांझा की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक मेंटेनर की समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा

- ट्रैक मेंटेनर की पैट्रोलिंग सीमा अधिकतम 12 किलोमीटर तक सीमित किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा


सिरसा। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते रेल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नार्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन की ओर से उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर जितेंद्र पाहवा को रेलवे ट्रैक मेंटेनर की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के शाखा सचिव प्रेम सैनी व यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष उमेश कुमार ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि रेलवे ट्रैक मैन अत्यंत विकट परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक की सुरक्षा और रखरखाव का काम करते है। उनकी कई समस्याएं लंबे समय से लंबित है, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। यूनियन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ट्रैक मेंटेनर की पैट्रोलिंग सीमा अधिकतम 12 किलोमीटर तक सीमित की जाए। रेलवे टैक मेंटेनर की सुरक्षा की दृष्टिगत एक साथ दो लोगों की ड्यूटी लगाई जाए। सभी गैंग यूनिट पर सभी सुविधा युक्त टूल रूम उपलब्ध करवाया जाए। नए आवास बनाए जाए। वर्ष 2017 से रेलवे ट्रैक मेंटेनर को साइकिल भत्ते का भुगतान नहीं किया गया हैर, जिसे शीघ्र जारी किया जाए। इसके साथ ही ट्रैक मेंटेनर को एलडीसीई के माध्यम से अन्य विभागों में जाने का अवसर दिया जाना चाहिए।

## पशुपालकों को घर द्वार पर मिल रही पशु चिकित्साः डॉ. पूनियां

**चोपटा।** माखोसरानी के वेटरनरी सर्जन डॉ. पवन पूनियां ने बताया कि गांव माखोसरानी में 1962 सेवा द्वारा एक जागरूकता शिविर लगाया गया जिसमें अनेक पशुपालकों ने भाग लिया। इस शिविर में मौसमी बीमारियों, टीकाकरण, पोषण आहार और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 1962 के द्वारा पशुपालकों को घर पर ही पशु चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा रही है, जोकि पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के तहत जिले में वर्तमान में 5 एंबुलेंस यूनिट्स कार्यरत हैं, जो समय-समय पर पशु चिकित्सा सुविधा पहुंचाकर पशुपालकों को राहत दे रही है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में लगभग 18 हजार पशुओं का उपचार किया है, जिससे हजारों पशुपालकों को समय पर सहायता मिल सकी है। एक कॉल पर पशु चिकित्सा सेवा उनके दरवाजे तक पहुंच रही है।

## नशे को लेकर ग्रामीण लामबद्ध

**सिरसा।** ऐलनाबाद थाना क्षेत्र के गांव केशुपुरा में शराब के उप ठेका को लेकर ग्रामीणों के विरोध के मद्देनजर मंगलवार को भी शराब का ठेका नहीं खोला गया। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है और वे पुलिस व प्रशासन के अगले कदम का इंतजार कर रहे है। हालांकि सोमवार देर सायं एक बारगी स्थिति तब तनावपूर्ण बन गई जब शराब का ठेका खोला गया था। मामले को लेकर व्हीस्ल ब्लोअर प्रो. करतार सिंह ने पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की गंभीरता से वाकिफ करवाया था। उन्होंने गांव केशुपुरा में शराब के उप ठेका को आबकारी नीति के खिलाफ बताते हुए इसे बंद करने की मांग की थी।

## महिला उद्यमियों को अनुदान राशि के चैक किए वितरित

- व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को दी वित्तीय सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा


सिरसा। जिला प्रबंधक एवं उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह महिलाओं को अनुदान राशि के चेक वितरित करते हुए।

हरियाणा महिला विकास निगम सिरसा द्वारा राज्य सरकार की व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। निगम की जिला प्रबंधक एवं उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने पांच महिलाओं को अनुदान राशि के चेक वितरित किए। उन्होंने बताया कि गांव कुम्हारिया की सुनीता को पांच हजार रुपये, गांव चौबुर्जा की ममता को 25 हजार रुपये, गांव देसुमलकाना की सीमा कौर को 25 हजार रुपये तथा गांव कोटली की वीना रानी को 10 हजार रुपये की अनुदान राशि दी गई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**फतेहाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को जिला फतेहाबाद, उपमंडल रतिया व टोहाना के न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर व्हीकल एक्सीडेंट, एनडीपीएस एक्ट, फौजदारी, दीवानी, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस लोक अदालत में आम नागरिक आपसी सौहार्दपूर्ण माध्यम से मामले का निपटारा करवा सकते हैं।

*युवा अरोडवंश सोसायटी ने लगाए फूलदार पौधे*

## पर्यावरण की संभाल हमारी पहली जिम्मेदारी : गुलशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रतिया


रतिया। पौधारोपण करते युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी के सदस्य।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी द्वारा पौधारोपण अभियान लगातार जारी है। अभियान के अंतर्गत अध्यक्ष डॉ. पीयूष अरोड़ा के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा शहर के फतेहाबाद रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में फूलदार पौधे लगाए गए। इस मौके पर विभाग के जेई गुलशन कुमार की देख रेख में फूलदार पौधे सोसायटी सदस्यों द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर जेई गुलशन कुमार ने कहा कि पर्यावरण की संभाल हमारी पहली जिम्मेदारी बनती है। अगर हमारे आस पास का वातावरण हरा भरा दिखेगा तो हमे तो अच्छा लगेगा ही दूसरा समाज में रहने वालो पर सकरात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सोसायटी सदस्यों द्वारा उचित स्थानों पर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर हैप्पी सिंह सेठी, रणजीत सिंह बिट्टू, प्रेम सेठी, मोहन चिलाना मुनीश कक्कड़, सुरेश सेठी, नीरज कक्कड़, करण चिलाना सहित मौजूद रहे।

## हरियाली प्रोजेक्ट के तहत किया पौधरोपण



**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा स्टार द्वारा हरियाली पौधरोपण सप्ताह के अंतर्गत नेहरू पार्क में पौधारोपण किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों ने पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ का नारा देते हुए 50 से अधिक छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। क्लब सदस्यों ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण से ही ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को दूर किया जा सकता है। कोरोना काल का समय सभी ने देखा है, जबकि ऑक्सीजन की कमी के कारण अनगिनत लोगों की जानें चली गई। इसलिए हम सभी को अभी से पर्यावरण के प्रति सचेत रहते हुए पौधारोपण को बढ़ावा देना होगा, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वच्छ हवा में सांस ले सके। इस अवसर पर विशेष रूप से संजय गांधी, हरदीप सरकारिया, नकुल मोहंता सहित आदि मौजूद रहे।

*जून माह में 17 शिकायतों का किया निपटारा*

## गुम हुए मोबाइल एसपी ने असल मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डबवाली


सिरसा। एसपी डबवाली गुम हुए मोबाइल उनके मालिकों को सौंपते हुए।

डबवाली की साइबर सुरक्षा शाखा ने मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए जून माह में 17 शिकायतों का निपटारा कर लाखों रुपए के गुम हुए 17 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असल मालिकों को बुलाकर उन्हें मोबाईल फोन सौंपे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला डबवाली की साइबर सुरक्षा शाखा में तैनात सुरेंद्र सिंह व उनकी टीम ने सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निपटारा करते हुए जून माह में 17 मोबाइल फोन की बरामदगी की है और जिनमें से 7 असल मालिक को मोबाइल सौंपे गए। जिनमें योगेश कुमार, बलकार सिंह, तरसेम सिंह, अमित कुमार, सतबीर सिंह, हरविंद्र सिंह व अरुण कुमार ने अपने फोन पाकर खुशी जाहिर की और डबवाली पुलिस का धन्यवाद किया। पुलिस अधीक्षक डबवाली ने कहा कि इससे पब्लिक में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर आपका मोबाइल फोन गुम हो जाता है तो इसकी शिकायत पोर्टल पर दर्ज करवाएं।

## सीडीएलयू में स्थापित होंगे दो नए सेल, वीसी ने दी स्वीकृति

- यह सेल पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए कार्य करेगा

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति विजय कुमार ने विश्वविद्यालय में दो नए सेल की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है। कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय में एनवायर्नमेंटल सेल की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना, सतत विकास को प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण संरक्षण उपायों को प्रभावी रूप से लागू करना है। यह सेल विशेष रूप से कचरा प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और जैव विविधता संरक्षण जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान हेतु कार्य करेगा। ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एमके किदवई को इस सेल का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें उनके वर्तमान कार्यों के साथ अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त कुलपति ने विश्वविद्यालय में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज सेल की भी स्थापना की है, जिसका उद्देश्य नैतिक और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए पाठ्यक्रम और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानवीय मूल्यों को एकीकृत करना है। यह प्रकोष्ठ विद्यार्थियों को जीवन में मूल्यों की महत्ता को समझने, अपनाने और अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में लागू करने हेतु मार्गदर्शन करेगा।

## खाद की कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई

- प्रशासन ने शुरू की जांच, विक्रेता का लाइसेंस हो सकता है रद

**सिरसा।** जिला में खाद के साथ अन्य उत्पाद बेचने वालों और खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ जल्द कड़ी कार्रवाई होगी। जिले में कई स्थानों से शिकायत आई कि खाद के साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए किसानों को बाध्य किया जाता है, जो कि नियमों के खिलाफ है। वहीं खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ भी प्रशासन सख्त हो गया है। शिकायत के उपरांत प्रशासनिक स्तर पर खाद के साथ अन्य उत्पाद बेचने और खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद विक्रेताओं और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना निश्चित है। जिले के कई स्थानों से सूचना मिली है कि किसानों को खाद के साथ अन्य कृषि उत्पाद जैसे कीटनाशक, बीज या अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। यह कृषि उत्पादों की बिक्री से संबंधित नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा खाद की कालाबाजारी करने वालों पर भी प्रशासन की नजर है। आवश्यकता पडऩे पर विक्रेता का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है और उन पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। संबंधित विभागों की टीमें जिलाभर में सक्रिय होकर खाद की दुकानों का निरीक्षण कर रही हैं, जो सुनिश्चित करेगी कि कहीं भी किसानों को खाद के साथ अन्य उत्पाद न बेचा जाए।

## राजकीय महिला कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने मंगलवार को बताया कि हरियाणा के उच्च शिक्षा निदेशालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों (यूजी कोर्सेज) में दाखिले के लिए वर्ष 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिन विद्यार्थियों ने पहले आवेदन किया था लेकिन पहली और दूसरी मेरिट सूची में उनका नाम नहीं आया, उनके लिए 9 जुलाई को फिजिक्ली काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद 10 जुलाई से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और आवेदन फॉर्म में अपडेशन के लिए पोर्टल दोबारा खोल दिया जाएगा, ताकि छात्राएं अपने आवेदन को अपडेट कर सकें या पुनः आवेदन कर सकें।

**बचाव** बरसात के मौसम को देखते उपायुक्त ने नागरिकों से की अपील

# मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए सजग और सतर्क रहने की जरूरत : उपायुक्त

अपने घर व कार्यालय के आस-पास पानी जमा होने न दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए सजग व सतर्क रहना होगा। इसके साथ ही नागरिक अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का पालना करें और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करवाते रहे।

उपायुक्त ने कहा कि डेंगू एक वायरल बुखार है जोकि मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता है व रूके हुए साफ पानी में ही पनपता है। उन्होंने कहा कि जगह-जगह जलभराव एवं गंदगी होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आस-पास एवं घर के अन्दर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आस-पास होने वाले जल जमाव, गमले एवं पशु-पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है।

**स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी**



स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी की जानकारी देते हुए उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि नागरिक सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, होदी, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तन व अन्य पानी से भरे हुए बर्तन सप्ताह में एक बार अवश्य खाली करें व कपड़े से रगड़ कर साफ करके व सुखाकर ही प्रयोग करें। यदि कूलर उपयोग में ना लाये जा रहे हो तो रगड़ कर साफ करके सूखा कर रख दें। छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखें। शरीर को ढक कर रखें तथा मच्छर रोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें। पूरी बाजू के वस्त्र पहनें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। घरों के दरवाजे व खिड़कियों पर उपयुक्त जाली इस्तेमाल करें। बुखार होने पर डॉक्टर की सलाह ले व पूर्ण उपचार करवाएं।

**यह रखे सावधानी**

उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि मलेरिया व डेंगू आदि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को लेकर नागरिक अपने घर व कार्यालय के आस-पास पानी ना जमा होने दें। पानी से भरे गड्डे में मिट्टी भर दें अथवा खड़े पानी में जला हुआ काला तेल डाल दें। घर की छत पर व आस-पास पुराना सामान जैसे टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे, पॉलीथिन के लिफाफे खुले में न फेंके ताकि बरसात का पानी उसमें इकट्ठा ना हो। हैंड पंप व नल के आस-पास पानी जमा न होने दें। यदि कूलर उपयोग में नहीं लाया जा रहा है तो उसमें पानी इकट्ठा न होने दें।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार की पत्नी ने सहायता के लिए सीएम को पत्र लिखा

**फतेहाबाद।** युवा पत्रकार जसपाल सिंह के असमय निधन पर क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों ने शोक जताया है। वहीं, गांव हिजरावा कलां के प्रमुख समाजसेवी सतपाल बाजीगर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को पत्र लिखकर दिवंगत जसपाल सिंह के परिवार की आर्थिक मदद करने और उनकी धर्मपत्नी को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है। सतपाल बाजीगर ने कहा कि युवा, काबिल कलम के सिपाही और सच्चाई के लिए निर्भीक पत्रकारिता करते रहे जसपाल सिंह भाम्भू के असमय निधन का समाचार केवल हरियाणा की पत्रकारिता के लिए ही नहीं अपितु पूरे समाज के लिए गहरी पीड़ा और अपूरणीय क्षति है।

### आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला 14 को

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोडिया खेड़ा में 14 जुलाई को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य रमेश कुमार ने बताया कि इस मेले में 10वीं, 12वीं व आईटीआई के सभी व्यवसायों के पासशुद्धा व इस वर्ष के अपीयरिंग विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में चयनित छात्रों को संबंधित कंपनियों द्वारा 11000-16400 रुपये प्रतिमाह वेतनमान तथा अन्य सुविधा जैसे कैंटीन, वर्दी इत्यादि कंपनी पॉलिसी अनुसार प्रदान की जाएगी। रोजगार मेले में जिला गुरुग्राम से ईएसएसके, रैंडस्टैड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एलएस पावर कंट्रोल व मैसर्ज टोयोत्सु अंबिका ऑटोमोटिव सेफ्टी कंपोनेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मानेसर, जिला झज्जर से धूत ट्रांसमिशन तथा भिवाड़ी से श्रीराम पिस्टन एंड रींग लिमिटेड के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा।

### शौचालय में नशा कर युवक की बचाई जान

**फतेहाबाद।** शहर के बीघड़ रोड स्थित एक सार्वजनिक शौचालय में नशा कर बेसुध पड़े युवक को पुलिस टीम ने मौके पर जाकर नागरिक अस्पताल भिजवाया है। यह युवक हाल ही में नशामुक्ति केन्द्र से लौटा था। मिली जानकारी के अनुसार बीघड़ रोड पर स्थित एक सार्वजनिक शौचालय में एक व्यक्ति के बेसुध हालत में पड़े होने की सूचना ईआरवी-217 को एक इवेंट कॉल के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही ईआरवी इंचार्ज एएसआई देवेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बेसुध अवस्था में मिले युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल फतेहाबाद में भर्ती करवाया।

### खालसा त्रिशताब्दी कॉलेज में काउंसलिंग आज

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया में बीए., बीकॉम., बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में दाखिला हेतु 9 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी। इस काउन्सलिंग में प्रथम व द्वितीय मैरिट लिस्ट में दाखिला लेने से वंचित रहे विद्यार्थी महाविधालय में आकर दाखिला ले सकते हैं। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि रतिया शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के उन विधार्थियों के लिए यह स्वर्णिम अवसर है, जो प्रथम व द्वितीय मैरिट लिस्ट में किसी कारणवश अपनी फीस जमा नहीं करवा पाए वो छात्र दाखिला ले सकते हैं।

### पिलरों की वजह से दोनों दिशाओं से आने-जाने वाले वाहनों को नहीं देख पा रहे थे चालक

# नेशनल हाइवे पर शिवपुरी के सामने बने क्रॉसिंग पर नए बनाए गए पिलर तोड़े गए, हादसों का बन रहे थे कारण

हादसों के बाद जागा प्रशासन, शिवपुरी सुधार सभा की शिकायत पर लिया गया संज्ञान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगरपरिषद शहर में अपने निर्माण कार्यों को लेकर लगातार चर्चा में है। कभी विकास कार्यों में गोलमाल तो कभी भ्रष्टाचार नगरपरिषद का पीछा नहीं छोड़ रहा। अब नया मामला नेशनल हाइवे पर सडक़ के बीचों-बीच बन रहे डिवाइडर व उस पर लगाई जा रही ग्रिलों का है। इस ग्रिल को लेकर शहर में कई दफा विरोध के स्वर उठ खड़े हुए हैं लेकिन नगरपरिषद के अधिकारी शायद इस पर ध्यान ही नहीं देना चाहते। दो दिन पूर्व हाइवे पर शिवपुरी आने-जाने के लिए डिवाइडर पर बनाई गई क्रॉसिंग पर एक पशु की टक्कर से बाईक सवार घायल हो गया था। तब से इस क्रॉसिंग को लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई। इस क्रॉसिंग पर दोनों तरफ पिलर बनाए गए थे। पिलरों की वजह से दोनों दिशाओं से आने-जाने वाले वाहनों को नहीं देख पा रहे थे जोकि दुर्घटनाओं का कारण बन रहे थे। इसको लेकर श्री शमशान भूमि सुधार सभा ने जिला नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इस क्रॉसिंग को बड़ा करने तथा यहां बनाए गए पिलरों को हटाने की मांग की थी। प्रशासन ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया और मंगलवार को जेसीबी की मदद से दोनों पिलरों को तुड़वाकर यहां क्रॉसिंग को चौड़ा कर दिया गया। डीएमसी को लिखे पत्र में शिवपुरी सुधार सभा के सचिव सुनील सचदेवा ने कहा था कि यह शमशान भूमि शहर के बीचों-बीच श्री दुर्गा मंदिर के साथ है। शमशान भूमि के सामने से जीटी रोड गुजरता है, जिसके बीच में डिवाइडर और ग्रिल लगी हुई है। वर्षों पहले शमशान भूमि के सामने एक कट था, जिससे वाहनों का शिवपुरी में आवागमन आसान रहता था और लोगों के लिए भी यह बहुत सुविधाजनक था। हाल ही में इस सडक़ पर डिवाइडर पर ग्रिल और पिलर का काम हुआ है। शमशान भूमि के सामने आने-जाने के लिए रास्ता तो छोड़ दिया गया है लेकिन रास्ते के दोनों तरफ बड़े-बड़े पिलर बना दिए गए हैं। बीच में भी डिवाइडर की ऊंचाई एक फीट से ज्यादा है। बुजुर्ग महिलाएं व पुरूष इस रास्ते से शिवपुरी के अलावा श्री काली माला मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन आते-जाते रहते हैं। ऊंचाई अधिक होने से इन लोगों को काफी असुविधा हो रही है। सुनील सचदेवा ने कहा कि वर्तमान स्थिति के चलते हर समय यहां दुर्घटना का भय बनारहता है। डिवाइडर पर पुरानी ग्रिल को ही दोबारा लगा दिया गया है। 10 साल पहले जब यह ग्रिल लगाई गई थी, उस समय भी इसकी विजिबिलिटी को लेकर बहुत प्रश्न खड़े हुए थे। हर कट पर विजिबिलिटी कम होने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती थी। उन्होंने डीएमसी से मांग की है कि शमशान भूमि के सामने एक बड़ा कट छुड़वाया जाए जिससे शमशान भूमि के शव वाहन, एम्बुलैंस वाहन आसानी से गुजर सकें और लोगों का आवागमन भी आसान रहे। इसके अलावा सडक़ के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएं।




**फतेहाबाद।** शिकायत के बाद तोड़े गए पिलर व शिवपुरी के सामने क्रॉसिंग पर पहले बनाए गए पिलर। फोटो :हरिभूमि



**फतेहाबाद।** पिलर तोडऩे के बाद खुला रास्ता। फोटो :हरिभूमि

#### नगर परिषद भ्रष्टाचार का अड्डा

बता दें कि नगरपरिषद इस समय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। अधिकारियों के साथ-साथ पार्षद भी कमीशनखोरी की दौड़ में है। नगरपरिषद के खाते में इस समय 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि बैंका में पड़ी हुई है लेकिन पिछले 3 सालों में विकास कार्यों के नाम पर कुछ नहीं हुआ। नगरपरिषद में चाहे सफाई का मामला हो या डोर टू डोर कचरा उठाने, या कर्मचारियों को वेतन देने का, कोई भी काम नगरपरिषद समय पर नहीं कर रही।

# किसान संघर्ष समिति ने किया आंदोलन का ऐलान, 11 से फूंके जाएंगे सरकार के पुतले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने एक बार फिर किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन का ऐलान कर दिया है। किसान संघर्ष समिति द्वारा 11 जुलाई से प्रदेशभर में सरकार के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की जाएगी। आंदोलन की कड़ी में 11 से 19 जुलाई तक प्रदेशभर में किसानों द्वारा सरकार के पुतले फूंककर रोष प्रदर्शन किए जाएंगे। इसके बाद 21 जुलाई को तहसील व जिला मुख्यालयसों पर भी प्रदर्शन होगा। इन प्रदर्शनों के माध्यम से किसानों की 9 प्रमुख मांगों को उठाया जाएगा। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि आज सरकार की गलत व किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों को खाद-पानी से लेकर मुआवजा लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। प्रदेश सरकार किसान हितैषी होने का ढिंढोरा तो पीट रही है लेकिन असलियत इसके उलट है। किसानों को उजाडऩे के लिए सरकार द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। प्रदेश में बढ़ रही गुंडागर्दी व नशाखोरी पर रोक लगाई जाए। शामलात देह, शामलात ठोला, मुश्तरका मालिकाना व जुमला मालिकाना का हक काश्तकार किसानों को दिया जाए। किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाए व किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त किया जाए।



फतेहाबाद। प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान।

- 21 जुलाई को तहसील व जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन

#### किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी नहीं हो रहे

मनदीप नथवान ने कहा कि किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने में भी लगातार देरी हो रही है। सैंकड़ों किसान ऐसे हैं, जो समय पर कनैक्शन के लिए निर्धारित राशि बिजली निगम में भर चुके हैं, मगर, भ्रष्टाचार के चलते अभी तक इन किसानों को कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार भ्रष्टाचार पर रोक लगाते हुए इन किसानों को जल्द ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करें। इसके अलावा असली डीएपी, खाद व नहरों में पर्याप्त पानी का प्रबंध किया जाए। प्रदेश में बिजली के रेट बढ़ाकर सरकार ने अपना जनविरोधी चेहरा उजागर किया है।

# डीएसपी जयपाल सिंह को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीएसपी जयपाल सिंह का हाल ही में तबादला होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सादे समारोह में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने डीएसपी को भावभीनी विदाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जयपाल सिंह के अब तक के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें विदाई दी।

जयपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें फतेहाबाद में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और यहां की जनता व विभागीय साथियों से सदैव सहयोग और सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि वह इस आत्मीयता और स्नेह को जीवन भर याद रखेंगे। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि जयपाल सिंह एक कुशल, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं तथा उनके द्वारा दिए गए योगदान को विभाग सदैव स्मरण रखेगा। कार्यक्रम का समापन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें फूलमालाएं भेंट कर, मिठाई खिलाकर और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देकर किया गया।



**फतेहाबाद।** डीएसपी जयपाल सिंह को तबादले पर विदाई देते एसपी सिद्धांत जैन।



### नगर पालिका द्वारा वेयरहाउस के गेट के पास बनाया गया डंपिंग पॉइंट बना परेशानी का सबब

**रतिया।** शहर के टोहाना रोड पर स्थित हरियाणा वेयरहाउस के गेट के पास नगर पालिका प्रशासन द्वारा कूड़ा कर्कट के लिए बनाया गया डंपिंग पॉइंट परेशानी का कारण बनता जा रहा है। डंपिंग पॉइंट पर सारा कूड़ा कर्कट खुले में फैंके जाने के कारण आवारा जानवर मुंह मारते हैं, जिससे न केवल गंदगी फैल रही है बल्कि आने जाने वालों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे दुर्गंध फैलने के साथ-साथ संक्रमण फैलने का भी भय बना रहता है। हरियाणा वेयरहाउस के मैनेजर सोमवीर ने बताया है कि उनके मेन गेट के पास नगरपालिका प्रशाशन ने कूड़ा कर्कट इक_l करने के लिए डंपिंग प्वाइंट बना रखा है। यहां टोहाना रोड से कई कालोनियां साथ लगने के कारण सफाई कर्मी भी गलियों से कूड़ा कर्कट इकट्ठा करके यहां फेंक देते हैं। सारा कूड़ा बाहर फैंके जाने के कारण सारी गंदगी वेयरहाउस के अंदर आती है। अब बरसाती सीजन भी शुरू हो चुका है। खुले में गंदगी के कारण दुर्गंध से बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। वेयर हाउस मैनेजर ने कहा कि वेयर हाउस गोदाम में फूड ग्रेन स्टोर किया जाता है। गंदगी फैलने के कारण इसके रख रखाव में भी काफी परेशानी आ रही है।

# रोड रूल्स: लाइव टूल्स अभियान के तहत एमपी रोही में कानूनी शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमपी रोही में रोड रूल्स - लाइव टूल्स अभियान के तहत एक श्रृंखला के रूप में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में विधिक जागरूकता फैलाना और सडक़ सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा, जिसका थीम कानून को जानो - जीवन बचाओ रखा गया। कार्यक्रम के दौरान पैनल अधिवक्ता श्वेता रानी ने बच्चों को सडक़ सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता की महता पर बल दिया। उन्होंने गुड सेमरिटर्न कानून, मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रैफिक नियम, नियमों एवं संकेतको का पालन क्यों आवश्यक है। उन्होंने सावधानी हटी दुर्घटना घटी जैसी प्रसिद्ध कहावत के माध्यम से बताया कि एक क्षण की असावधानी कैसे जीवन के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। इसके अलावा रोड रूल्स - लाइव टूल्स अभियान में जिला ट्रैफिक पुलिस से शिविर में उपस्थित हैड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार ने बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया।



**फतेहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एमपी रोही में जागरूकता शिविर को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि



### अस्पताल स्टाफ, नर्सिंग स्टूडेंट को रोड सेफ्टी पर किया जागरूक

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नागरिक अस्पताल में 'सडक़ नियम, जीवन उपकरण अभियान' के तहत जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कैंप की अध्यक्षता डिप्टी एलएडीसी कंवरजीत सिंह व एसीसटेंट एलएडीसी देवेंद्र कौर ने की। उन्होंने उपस्थित हॉस्पिटल स्टाफ व नर्सिंग विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि सडक़ दुर्घटनाएं भारत में सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनी हुई है जिसके कारण हर साल हजारों लोगों की मृत्यु हो जाती है और घायल होते हैं। उन्होंने बताया कि सडक़ दुर्घटना पीड़ितों को कानूनी सेवाएं योजना 2025 और व्यापक राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा पहलों के मद्देनजर, सावर्जनिक भागीदारी, कानूनी साक्षरता और आपात कालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01666-247002 व नालसा हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर ट्रैफिक एसएचओ शमशेर सिंह, ऑफिसर सौरभ ने ट्रैफिक रूल के बारे में विस्तार से बताया।

# भूना में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। लेडी हेल्थ विजिटर कमलेश देवी के नेतृत्व में रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी। लोगों को बेटियों के महत्व, शिक्षा और समान अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। रैली का मकसद महिला शिशु दर बढ़ाना और बेटियों को शिक्षा, सम्मान व सुरक्षा का अधिकार दिलाना था। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भूना के 50 विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने हाथों में पोस्टर और स्लोगन लेकर समाज को संदेश दिया। एएनएम रोशनी देवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां बोझ नहीं, समाज की रीढ़ हैं। हर घर में बेटियों को समान अवसर मिलें, तभी समाज में स्थायी बदलाव आएगा। स्कूल के प्राचार्य नरेश शर्मा ने कहा कि बेटी किसी से कम नहीं, की भावना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।




**भूना।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालते हुए।

**कार्यक्रम** नगर पालिका के सचिव ने मां के सम्मान में किया पौधरोपण, 100 पौधे लगाए गए

# पौधा लगाना सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, यह भावनाओं का प्रतीक : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

नगरपालिका भूना की ओर से मंगलवार को शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका सचिव दीपक कुमार ने की। उन्होंने अपनी मां के सम्मान में पौधा लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही मातृत्व को प्रकृति से जोडऩे की मिसाल पेश की।

दीपक कुमार ने कहा कि पौधा लगाना सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, यह भावनाओं का प्रतीक है। हर नागरिक अगर अपने माता-पिता या प्रियजन के नाम पर पौधा लगाए, तो पर्यावरण भी बचेगा और समाज में भावनात्मक जुड़ाव भी बढ़ेगा। उन्होंने पौधारोपण को धरती की धरोहर और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा का आधार बताया। अभियान के तहत नगरपालिका कर्मचारियों ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, पटेल पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 100 पौधे लगाए। कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठनों ने भाग लिया, जिससे यह और प्रभावशाली बन गया। व्यक्तिगत पहल और सामूहिक सहयोग से ही पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा सकता है। भूना नगर का यह प्रयास अन्य शहरों के लिए प्रेरणा बन सकता है। इस मौके पर नगरपालिका के एमई नरेन्द्र पंवार, भूप सिंह, भाविप भूना के अध्यक्ष डॉ. दीपक बंसल, लायंस क्लब भूना रॉयल के चार्टर्ड अध्यक्ष मुकेश भूटानी, बलजीत सोनी, बजरंग शर्मा, सुनील कम्बोज और सोनू वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



भूना। चन्द्रशेखर आजाद पार्क में पौधारोपण करते हुए नगरपालि का सचिव व अन्य। फोटो : हरिभूमि